**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 21**
**03 फरवरी, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

# एम्स/एम्स जैसे संस्थान

***21. श्री सुधीर गुप्ता:**
**श्री धैर्यशील संभाजीराव माणे:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में स्थापित/स्थापित किए जाने हेतु प्रस्तावित एम्स/एम्स जैसे नए संस्थानों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार एवं स्थान-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) देश में पूरी तरह कार्यात्मक एम्स जैसी संस्थाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में लंबित एम्स/एम्स जैसे संस्थानों का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) उक्त संस्थानों के निर्माण/विकास की वर्तमान स्थिति क्या है और इनके पूरी तरह कब तक कार्यात्मक किए जाने की संभावना है; और
(ङ) ऐसे संस्थानों में पहला शैक्षणिक कार्यक्रम कब तक आरंभ होगा तथा इनमें एमबीबीएस सीटों की संख्या कितनी है और बिस्तरों से संबंधित क्षमता क्या है जिससे देश की स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होगी?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (ङ): विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है।

**03 फरवरी, 2023 के लिए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 21 के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) से (ङ): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत पूरे देश में 22 नए एम्स की स्थापना को मंजूरी दी गई है।

मंजूर किए गए 22 एम्स में से, भोपाल (मध्य प्रदेश), भुवनेश्वर (ओडिशा), जोधपुर (राजस्थान), पटना (बिहार), रायपुर (छत्तीसगढ़) और ऋषिकेश (उत्तराखंड) स्थित 6 एम्स पूर्णत: कार्यशील हैं। राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक-**I** में दिया गया है।

शेष 16 एम्स प्रचालन के विभिन्न चरणों में हैं। एमबीबीएस सीटों की संख्या, बिस्तरों की संख्या, निर्माण और प्रचालन की स्थिति सहित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्रवार विवरण अनुलग्नक-**II** में दिया गया है।

इन 22 एम्स से देश की स्वास्थ्य देखरेख प्रणाली में 2475 एमबीबीएस सीटों और 18250 बिस्तरों की संख्या बढ़ जाएगी। 22 एम्स में से, अवन्तीपोरा (कश्मीर), रेवाड़ी (हरियाणा) और दरभंगा (बिहार) को छोड़कर जो कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं, 19 एम्स में इस समय एमबीबीएस पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है।

मंत्रालय नई एम्स परियोजनाओं की बारीकी से निगरानी कर रहा है। कार्य का पूरा होना विभिन्न कारकों पर निर्भर करता है जिनमें राज्य सरकार द्वारा बाधामुक्त भूमि का हस्तांतरण, विनियामक अनुमतियां और स्थल विशिष्ट मुद्दे शामिल हैं।

**अनुलग्नक-I**

**पीएमएसएसवाई के तहत 6 पूर्णत: कार्यशील एम्स की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य | एम्स | प्रति वर्ष संस्वीकृत एमबीबीएस सीटें | संस्वीकृत अस्पताल बिस्तर | कार्यशीलता संबंधी स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मध्य प्रदेश | भोपाल | 125 | 960 | पूर्णत: कार्यशील |
| 2. | ओडिशा | भुवनेश्वर | 125 | 960 | पूर्णत: कार्यशील |
| 3. | राजस्थान | जोधपुर | 125 | 960 | पूर्णत: कार्यशील |
| 4. | बिहार | पटना | 125 | 960 | पूर्णत: कार्यशील |
| 5. | छत्तीसगढ़ | रायपुर | 125 | 960 | पूर्णत: कार्यशील |
| 6. | उत्तराखंड | ऋषिकेश | 125 | 960 | पूर्णत: कार्यशील |
| कुल | | | 750 | 5760 | |

**अनुलग्नक-II**

**पीएमएसएसवाई के तहत 16 नए एम्स की स्थिति**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एम्स | प्रति वर्ष संस्वीकृत एमबीबीएस सीटें | संस्वीकृत अस्पताल बिस्तर | निर्माण और प्रचालन की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | एम्स, मंगलागिरी | 125 | 960 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 2. | असम | एम्स, गुवाहाटी | 100 | 750 | • निर्माण कार्य प्रगति पर है<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं |
| 3. | बिहार | एम्स, दरभंगा | 100 | 750 | • 200 एकड़ बाधा मुक्त भूमि राज्य सरकार द्वारा हस्तांतरित की जानी है। |
| 4. | गुजरात | एम्स, राजकोट | 100 | 750 | • निर्माण कार्य प्रगति पर है<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 5. | हरियाणा | एम्स, रेवाड़ी | 100 | 750 | • 149 एकड़ भूमि 19.1.2023 को भारत सरकार को हस्तांतरित की गई।<br>• पूर्व-निवेश कार्य शुरू किया गया और कार्यकारी एजेंसी नामित की गई। |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | एम्स, बिलासपुर | 100 | 750 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 7. | जम्मू और कश्मीर | एम्स विजयपुर, जम्मू | 100 | 750 | • निर्माण कार्य प्रगति पर है<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं |
| 8. | | एम्स अवंतीपोरा, कश्मीर | 100 | 750 | • निर्माण कार्य प्रगति पर है |
| 9. | झारखंड | एम्स, देवघर | 125 | 750 | • निर्माण कार्य काफी हद तक पूरा हो गया है<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं |

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | एम्स | प्रति वर्ष संस्वीकृत एमबीबीएस सीटें | संस्वीकृत अस्पताल बिस्तर | निर्माण और प्रचालन की स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | संचालित की गईं |
| 10. | महाराष्ट्र | एम्स, नागपुर | 125 | 960 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 11. | पंजाब | एम्स, बठिंडा | 100 | 750 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 12. | तमिलनाडु | एम्स, मदुरै | 100 | 750 | • पूर्व-निवेश कार्य प्रगति पर है।<br>• परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) को नियुक्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है।<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं |
| 13. | तेलंगाना | एम्स, बीबीनगर | 100 | 750 | • निर्माण कार्य प्रगति पर है\|<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 14. | उत्तर प्रदेश | एम्स, रायबरेली | 100 | 610 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 15. | | एम्स, गोरखपुर | 125 | 750 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| 16. | पश्चिम बंगाल | एम्स, कल्याणी | 125 | 960 | • निर्माण कार्य पूर्ण<br>• एमबीबीएस कक्षाएं चल रही हैं<br>• सीमित ओपीडी और आईपीडी सेवाएं संचालित की गईं। |
| कुल | | | 1725 | 12490 | |

*****